बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या : 01/भू0अ0नि0 (3) वि0सर्वे0कानूनगो (फर्जी अभिलेख)– 32/2021 124 **पटना, दिनांक** : 18-01-2022

आदेश

निदेशालय ज्ञापांक– 10278 दिनांक 20.07.2020 द्वारा श्री सुनील कुमार पाल, (Emp. ID- SKN00760) विशेष सर्वेक्षण कानूनगो, बन्दोबस्त कार्यालय, मुंगेर को नियोजन के उपरांत इनके द्वारा समर्पित सिविल इंजीनियरिंग प्रमाण पत्र की जांच/सत्यापन हेतु इस कार्यालय के पत्रांक– 4250 दिनांक 23.11.2021 द्वारा संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान को भेजे गए पत्र के आलोक में प्रशासनिक अधिकारी कृते सचिव, प्राविधिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश, लखनऊ अपने पत्रांक प्राशिप/पुष्टि/डिप्लोमा अनुभाग–5/2756 लखनऊ दिनांक 09.12.2021 द्वारा सूचित किया गया है कि **''प्राविधिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के अभिलेखों में श्री पाल का शैक्षणिक अभिलेखों की नहीं पुष्टि हुई।''** एतद संबंधी सत्यापन सूचना प्राप्त होने के बाद श्री पाल से फर्जी डिप्लोमा सिविल इंजीनियरिंग प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर नियोजन प्राप्त करने के विरूद्ध स्पष्टीकरण की मांग की गई।

इसी दरम्यान् इनके प्रमाण–पत्र के सत्यापन के संबंध में प्रधानाचार्य, राजकीय पोलिटेकनिक, लखनऊ के पत्रांक 694/रा0पा0/छात्र वेरिफिकेशन 2021 दिनांक 28.12.2021 द्वारा पत्र प्राप्त हुआ है, जिसके अभ्युक्ति में अंकित है कि **''प्रमाणित सही है।''**

उपरोक्त प्राप्त पत्र के सत्यापन/पुष्टि हेतु पुनः प्रधानाचार्य, राजकीय पोलिटेकनिक, लखनऊ को भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 102 दिनांक 14.01.2022 द्वारा भेजा गया है। प्रधानाचार्य, राजकीय पोलिटेकनिक, लखनऊ ने अपने **पत्रांक 2950 रा0पा0/छात्र वेरिफिकेशन 2022 दिनांक 15.01.2022 द्वारा सूचित किया गया है कि पत्रांक 694/रा0पा0/छात्र वेरिफिकेशन 2021 दिनांक 28.12.2021 उनके संस्थान से निर्गत नहीं है।**

उपरोक्त तथ्यों एवं प्राप्त स्पष्टीकरण में इनके द्वारा कोई ऐसा तथ्य नहीं दिया गया है, जो इनके प्रमाण–पत्र को वैध ठहराता हो। संबंधित संस्थान के सत्यापन प्रतिवेदन से स्पष्ट है कि श्री पाल, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो संविदा पद पर गलत/फर्जी प्रमाण–पत्र के आधार पर नियोजन प्राप्त करने में सफल हो गये हैं। अतः प्राप्त सत्यापन प्रतिवेदन तथा प्रकाशित विज्ञापन में Term of Assignment के कंडिका–4 (vi) में निहित प्रावधान के आलोक में श्री सुनील कुमार पाल, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो, संविदा कर्मी का नियोजन तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाता है।

(जय सिंह) 18/1/22
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (3) वि0सर्वे0कानूनगो (फर्जी अभिलेख)– 32/2021 124 **पटना, दिनांक** 18-01-2022

प्रतिलिपि : बन्दोबस्त पदाधिकारी, मुंगेर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेशित किया जाता है कि :–

1. फर्जी प्रमाण–पत्र के आधार पर नियोजित कर्मी से अब तक की भुगतान की गई राशि की वसूली हेतु कार्रवाई करें।
2. फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नियोजन प्राप्त करने एवं अन्य संगत आरोपों के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करें।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (3) वि0सर्वे0कानूनगो (फर्जी अभिलेख)– 32/2021 124 **पटना, दिनांक** 18-01-2022

प्रतिलिपि : श्री सुनील कुमार पाल, (Emp. ID-SKN00760) विशेष सर्वेक्षण कानूनगो, बन्दोबस्त कार्यालय, मुंगेर (E-mail ID- pals995577@gmail.com) को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक 18/1/22
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Satish-2022\Bablu Ji\Order\32-2021-18-01-2022.doc